देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 155 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 19 सितंबर 2020

**विचार–प्रवाह...**देश सीमा पर जारी तनाव





PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 साउथ चाइना सी तक नौसेना की पहुंच

7 मोदी को बर्थडे पर विराट ने दी विशेज

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने किसानों के हित मे कृषि विधेयक लाने के लिए पीएम का किया धन्यवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने लोकसभा में पारित कृषि सुधार से संबंधित विधेयको को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि किसानों की उन्नति में ये महत्वपूर्ण कदम है। किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाने व उपज का उचित मूल्य दिलाने में सहायक होंगे। इससे किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। मुख्यमंत्री ने किसानों के हित मे कृषि विधेयक लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर का धन्यवाद किया है।

### दिल्ली में 5 अक्टूबर तक बंद रहेंगे सारे स्कूल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के लगातार बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली सरकार ने अटकलों पर विराम लगाते हुए सभी स्कूलों को 5 अक्टूबर तक बंद रखने की घोषणा की है। हालांकि इस दौरान ऑनलाइन क्लासेज चलती रहेंगी। इस संबंध में दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को सर्कुलर जारी किया।

आपको बता दें कि कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अधिकतर राज्य सरकारें अभी हिचक रही हैं। आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा जैसे राज्य स्कूल खोल रहे हैं।

### एनसीबी का बड़ा एक्शन, 4 और ड्रग पेडलर गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह की मौत के मामले में ड्रग एंगल की जांच कर रही एनसीबी की टीम पूरे एक्शन में है। इस केस में रिया चक्रवर्ती, भाई शौविक चक्रवर्ती और सैम्यूअल मिरांडा समेत कई लोगों पर शिकंजा कसने के लिए एनसीबी लगातार छापेमारी कर रही है। इसी के तहत कार्रवाई करते हुए एनसीबी ने मुंबई से चार और ड्रग पेडलर्स को भी हिरासत में लिया है। इससे पहले हिमाचल प्रदेश के ड्रग पेडलर राहिल विश्राम को 1 किलो चरस के साथ पकड़ा गया।

# किसानों को नई आजादी मिली

## अब किसान और ग्राहक के बीच बिचौलियों से मिलेगी राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■पीएम मोदी ने कोसी रेल मेगा ब्रिज का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए लाए गए कुछ विधेयकों पर खासा बवाल हो रहा है। केंद्र सरकार में शिरोमणि अकाली दल कोटे की मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने बिल के विरोध में इस्तीफा दे दिया। पंजाब और हरियाणा में जगह–जगह किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्षी दल भी सरकार पर मंडियों को खत्म करने तथा किसानों के लिए मुसीबत खड़ी करने का आरोप लगा रहे हैं। इस बीच, पीएम नरेंद्र मोदी ने फिर दोहराया है कि बिल से किसानों को फायदा ही फायदा है। जो इसका विरोध कर रहे हैं, वह असल में किसानों को धोखा दे रहे हैं।

**कृषि बिलों से किसानों के बंधन खुले:** बिहार के कोसी में रेल पुल का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कल विश्वकर्मा जयंती के दिन, लोकसभा में ऐतिहासिक कृषि सुधार विधेयक पारित किए गए हैं। इन विधेयकों ने हमारे अन्नदाता किसानों को अनेक बंधनों से मुक्ति दिलाई है, उन्हें आजाद किया है। इन सुधारों से किसानों को अपनी उपज बेचने में और ज्यादा विकल्प मिलेंगे, और ज्यादा अवसर मिलेंगे।

**विरोध करने वाले भूल गए हैं चुनावी वादे:** मोदी ने आगे कहा, चुनाव के समय किसानों को लुभाने के लिए ये बड़ी–बड़ी बातें करते थे, लिखित में करते थे, अपने घोषणापत्र में डालते थे और चुनाव के बाद भूल जाते थे। और आज जब वही चीजें एनडीए सरकार कर रही है, किसानों को समर्पित हमारी सरकार कर रही है, तो ये भांति–भांति के भ्रम फैला रहे हैं।

### बिहार में रेल कनेक्टिविटी का रचा इतिहासः पीएम

पटना। प्रधानमंत्री ने बिहार को रेलवे की आधरभूत संरचना में सुधार की बड़ी सौगातें दीं। उन्होंने कोसी रेल मेगा ब्रिज का उद्घाटन किया। इस ब्रिज के चालू होने के साथ करीब नौ दशक बाद कोसी व मिथिलांचल आपस में रेल मार्ग से जुड़ गए हैं। नेपाल सीमा के पास स्थित इस ब्रिज का रणनीतिक महत्व भी है। इस इसके अलावा प्रधानमंत्री ने रेलवे से संबंधित 12 अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। इनमें किउल नदी पर एक रेल ब्रिज, दो नई रेल लाइनें, पांच विद्युतीकरण से संबंधित परियोजनांए, एक इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव शेड और बाढ़ व बख्तियारपुर में तीसरी रेल लाइन परियोजना भी शामिल रहे।



जिस APMC एक्ट को लेकर अब ये लोग राजनीति कर रहे हैं, एग्रीकल्चर मार्केट के प्रावधानों में बदलाव का विरोध कर रहे हैं, उसी बदलाव की बात इन लोगों ने अपने घोषणापत्र में भी लिखी थी लेकिन अब जब एनडीए सरकार ने ये बदलाव कर दिया है, तो ये लोग इसका विरोध करने पर उतर आए हैं।

प्रधानमंत्री ने किसानों से कहा कि वे बिल का विरोध कर रहे लोगों से सावधान रहें। उन्होंने कहा, मैं आज देश के किसानों को स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं। आप किसी भी तरह के भ्रम में मत पड़िए। इन लोगों से देश के किसानों को सतर्क रहना है। ऐसे लोगों से सावधान रहें जिन्होंने दशकों तक देश पर राज किया और जो आज किसानों से झूठ बोल रहे हैं। किसानों को अपनी उपज देश में कहीं पर भी, किसी को भी बेचने की आजादी देना, बहुत ऐतिहासिक कदम है। 21वीं सदी में भारत का किसान, बंधनों में नहीं, खुलकर खेती करेगा, जहां मन आएगा अपनी उपज बेचेगा।

# भारत में 10 लाख से ज्यादा हुए सक्रिय मामले

## 24 घंटों में कोरोना के 96,424 नए मामलों के साथ 1174 मौतें हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**


नई दिल्ली, एएनआइ। भारत में कोरोना वायरस महामारी के कारण संकट का दौर चल रहा है। आए दिन कोरोना केस बढ़ते जा रहे हैं। सरकार द्वारा तमाम कदम इस महामारी से लोगों को बचाने के लिए उठाए गए, लेकिन अनलॉक के दौरान जनता में बेफिक्री के कारण कोरोना का प्रकाप बढ़ता चला गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में पिछले 24 घंटों में 96,424 नए कोरोना वायरस के मामले सामने आए है। इस दौरान 1,174 मौतें भी हुई हैं। वहीं, इसके साथ ही देश में कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 52,14,678 हो गई है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक, 17 सितंबर तक कोरोना वायरस के लिए कुल 6,15,72,343 सैंपल टेस्ट किए गए, जिनमें से 10,06,615 सैंपल कल टेस्ट किए गए। वहीं, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि लगभग 60: सक्रिय मामले केवल 5 सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में हैं। 13 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं जहां आज भी 5000 से कम सक्रिय मामले हैं।

भारत की कोविड–19 टैली के अनुसार, 7 अगस्त को 20–लाख का आंकड़ा पार किया, 23 अगस्त को 30 लाख, 5 सितंबर को 40 लाख और 16 सितंबर को यह 50 लाख हो गया।

राज्यों में, महाराष्ट्र में 3,02,135 सक्रिय कोविड–19 मामले, कर्नाटक 1,03,650, आंध्र प्रदेश में 88,197, उत्तर प्रदेश में 68,235, और दिल्ली में 31,721 सक्रिय मामले हैं।

### हर रोज 1000 से ऊपर लोगों की हो रही मृत्यु



देश में सक्रिय मामलों की बात करें तो इनका आंकड़ा 10 लाख पार कर गया है। देश में 10,17,754 सक्रिय मामले हो गए हैं। यह कुल केसलोड का 19.52 फीसद है। वहीं, 41,12,552 ठीक, डिस्चार्ज/माइग्रेट हो चुके हैं। इसके अलावा बड़ी बात यह कि देश में हर रोज 1000 से ऊपर लोगों की मृत्यु हो रही है। देश में अब तक 84,372 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण कोविड–19 मौतों की दर अब 1.62 फीसद तक गिर गई है। ये राहत की बात है।

# भव्य रूप से तय समय पर ही होगा कुम्भ मेला

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड सरकार के साढ़े तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर उपलब्धियां गिनाईं और कई घोषणाएं की। कुम्भ मेला 2021 अगले साल तय समय पर भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ों के सन्त–महात्माओं के सहयोग और आशीर्वाद से मेले का आयोजन सफल होगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि हरिद्वार में अगले साल कुंभ का आयोजन तय समय पर ही होगा, लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते संख्यात्मक लिहाज से यह नियंत्रित होगा। कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए इसबार श्रद्धालुओं को कुंभ में पास के आधार ही आने की अनुमति दी जाएगी।

दरअसल यह कुंभ मेले के इतिहास में यह पहली बार होगा कि धार्मिक मण्डली में प्रवेश के लिए श्रद्धालुओं को पास जारी किए जाएंगे, यकीनन यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा। मुख्यमंत्री ने कुम्भ मेले का निर्माण कार्य 15 दिसंबर से पहले पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में हमने विकास की गति तेज की है और भ्रष्टाचार पर नकेल कसी है और लोगों को पारदर्शी एवं स्वच्छ सरकार दी है।

सीएम ने कहा, मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए चारधाम ऑलवेदर रोड का चौड़ीकरण जरूरी है। महज साढ़े पांच मीटर चौड़ी सड़क से काम नहीं चलेगा।

**कुम्भ मेला**

मुख्यमंत्री बोले– पास के जरिए मिलेगी एंट्री

### लॉकडाउन का कोई विचार नहीं

सीएम ने बताया कि कोरोना के बढ़ते मामलों के बावजूद राज्य में लॉकडाउन की कोई योजना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा जहां मामले बढ़ेंगे, वहां कंटेनमेंट जोन बनाया जाएगा।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# पीएम केयर्स फंड पर हंगामा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

विपक्ष कर रहा बेवजह विरोधः अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। संसद के सत्र के दौरान लोकसभा में शुक्रवार को नेता विपक्ष अधीर रंजन चौधरी का एक बयान विवाद की वजह बन गया। अधीर रंजन चौधरी ने पीएम केयर्स फंड पर हो रही चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर एक विवादित टिप्पणी कर दी। मामला इतना बढ़ गया कि लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्रवाई को 3 बार स्थगित किया।

शुक्रवार को सदन में पीएम केयर्स फंड पर अनुराग ठाकुर बयान देने के लिए खड़े हुए थे। इस दौरान उन्होंने गांधी परिवार पर कटाक्ष करने के लिए कुछ बातें कहीं।

अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में उन नामों का जिक्र करने की धमकी दी और कहा कि वह वो नाम बता सकते हैं जिन्हें पीएम राष्ट्रीय राहत कोष के जरिए फायदा मिला था। नेहरूजी ने रजवाडों की तरह 1948 में पीएम नैशनल रिलीफ फंड बनाने का आदेश दिया था, लेकिन इसका रजिस्ट्रेशन आज तक नहीं हुआ है। इसे FCRA क्लियरेंस कैसे मिला।